# APPENDIX

# FAMILY VALUE MEASUREMENT SCALE

## INSTRUCTIONS

- In proceeding pages there are some situation-based questions and statements that is related with your values towards your family. Some questions have two or more statements numbered as A, B, C & D.
- You read each statement carefully and mention the option inside the box given which you think correct as per the situation.
- There is nothing right or wrong answer of statements
- All questions should be answered and no question should not be left unanswered.
- Respondent should give their own response without consulting their friends.
- If anyone has any confusion, She/he will only raise her/his hand without disturbing the other.
- Your personal information and responses will be kept confidential.

Please fill the following personal information.

Name (Optional)____________________________________Age_____________

School/ College________________________________________ Class_________

Education of Father_________________

Education of Mother_________________

Father's Occupation _________________

Mother's Occupation_________________

Monthly Family Income ______________ Family Type: Nuclear ☐ Joint ☐

Locality: Rural ☐ Semi-Urban ☐ Urban ☐

Gender: Male ☐ Female ☐

No. of Siblings ____________

**प्रश्न 1: आपके लिए कौन-सा क्षण अधिक मनोरंजक होगा ?**

A. जब आप माता-पिता और परिवार से दूर रहकर दोस्तों के साथ समय बिताएँगे।

B. जब आप माता-पिता और परिवार के साथ रहकर समय बिताएँगे।

C. जब आप सिर्फ माता-पिता के साथ रहकर मूल्यवान समय बिताएँगे।

**प्रश्न 2: आकाश और माधुरी एक दूसरे से प्यार करते हैं लेकिन उन दोनों के परिवार शादी के लिए सहमत नही हें, इस स्थिति में उन्हें क्या करना चाहिए ?.**

A. उन दोनों को भाग कर कोर्ट में शादी कर लेनी चाहिए।

B. उन दोनों को परिवार की सहमति से शादी करनी चाहिए।

C. उन दोनों को परिवार वालों को डरा धमका कर शादी करनी चाहिए।

**प्रश्न 3: आप अपनी पढ़ाई में व्यस्त हैं क्योंकि अगले दिन आपकी परीक्षा है। आपके परिवार में माँ, बहन और आपको मिलाकर कुल तीन सदस्य हैं, इसी दौरान अचानक शाम को आपकी बहन बीमार हो जाती है, तब आप क्या करेंगे ?**

A. आप अपनी पढ़ाई छोड़कर उसे तत्काल अस्पताल ले जाएंगे।

B. आप अपनी मां से कहेंगे कि वह उसे अस्पताल ले जाएं क्योंकि आप अपनी पढ़ाई में व्यस्त हैं।

C. आप परीक्षा होने तक पढ़ाई जारी रखेंगे उसके बाद ही अपनी बहन के इलाज के बारे में सोचेंगे।

**प्रश्न 4: एक महीने पहले आपने अपने दोस्तों के साथ दार्जिलिंग जाने की योजना बनाई थी। दार्जिलिंग जाने के एक दिन पहले वाली रात को आपकी दादी को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ जाता है। तब आप क्या करेंगे ?**

A. आप यात्रा पर चले जाएंगे।

B. आप यात्रा पर जाने की योजना निरस्त कर देंगे।

C. आप अपनी यात्रा पर तब तक नहीं जाएंगे जब तक कि दादी स्वस्थ न हो जाए।

**प्रश्न 5:मान लीजिए मीनू अपने परिवार की बड़ी बेटी है, उसकी हाल ही में नौकरी लगी है। उसके छोटे भाई को कॉलेज जाने के लिए मोटरबाइक की जरूरत है, लेकिन उसी समय उसकी छोटी बहन को पढ़ाई के लिए लैपटॉप की जरूरत है। तब मीनू को पहले क्या करना चाहिए ?**

A. मीनू को अपने भाई के लिए बाइक खरीदनी चाहिए।

B. मीनू को अपनी बहन के लिए लैपटॉप खरीदना चाहिए।

C. मीनू को दोनों के लिए कुछ भी न खरीदकर अपनी सेविंग पर ध्यान देना चाहिए।

**प्रश्न 6: आप अपनी पसंदीदा फिल्म देख रहे हैं और उसी समय आपकी छोटी बहन नवी कक्षा मे प्रवेश हेतु आपको साथ ले जाना चाहती है, ऐसे स्तिथि में आप क्या करेंगे ?**

A. आप उसकी बात पर ध्यान नही देंगे और फिल्म देखते रहेंगे।

B. आप फिल्म देखना छोड़कर बहन को नवी कक्षा मे प्रवेश कराने के लिए ले जाएंगे।

C. आप अपने भाई/बहन को उसके साथ जाने के लिए कहेंगे।

**प्रश्न 7: आप अपने घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, अचानक से आपके माता-पिता बीमार हो जाते हैं, तब आप क्या करेंगे?**

A. आप उनके इलाज के लिए पैसा भेजेंगे।

B. आप उन्हें अपने पास रखकर उनका इलाज कराएंगे।

C. आप उन्हें उनके हाल पर छोड़ देंगे।

**प्रश्न 8:मान लीजिए एक पारिवारिक समारोह में आपके भाई और चचेरे भाई के बीच झगड़ा हो जाता है और आपके चचेरे भाई ने आपके भाई को थप्पड़ मार दिया, तब आप क्या करेंगे ?**

A. आप अपने भाई का समर्थन करेंगे।

B. आप अपने भाई को समझाकर शांत कर देंगे।

C. आप अपने भाई के साथ मिलकर बाद में अपने चचेरे भाई से बदला लेंगे।

**प्रश्न 9:मान लीजिए इसी वर्ष अपका २० वां जन्मदिन हैं। इस अवसर पर आप सबसे ज्यादा क्या करना पसंद करेंगे ?**

A. आप अपना जन्मदिन केवल अपने माता-पिता के साथ एक रेस्टोरेंट में मनाएंगे।

B. आप इसे अपने घर में माता-पिता, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ मनाएंगे।
C. आप इसे केवल अपने दोस्तों के साथ मनाएंगे।

**प्रश्न 10: आप परिवार के बड़े बेटे हैं और शहर में किराए पर रहते हैं, इसी बीच आपकी नौकरी लग गयी। तब आपकी प्राथमिकता क्या होगी ?**

A. आप उसी शहर में ज़मीन खरीदने के लिए पैसा लगाएंगे ताकि आप अपनी पसंद का घर बना सकें।
B. आप आपके साथ रह रहे भाई-बहन की पढ़ाई पर पैसा खर्च करेंगे।
C. आप अपने व्यक्तिगत जीवन को सुखमय बनाने हेतु वेतन को इकट्ठा करेंगे।

**प्रश्न 11: आप परिवार की सबसे बड़ी संतान (बेटी) हैं और आप अकेले कमा रही हैं। आपकी प्राथमिकता क्या होगी ?**

A. आप अपने पैसों से अपनी जिन्दगी को सुखमय बनाएंगीं।
B. आप अपने परिवार की आर्थिक मदत करेंगीं।
C. आप अपनी शादी के लिए पैसे बचाएंगी।

**प्रश्न 12: रामू एक शहर में अच्छी नौकरी करता है। वह अपने बेटा को अंतरराष्ट्रीय प्राइवेट स्कूल में पढ़ा रहा है, जबकि उसका भतीजा गाँव के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। तब रामू की प्राथमिकता क्या होनी चाहिए ?**

A. रामू को अपने भतीजे को गाँव के स्कूल में अच्छे से पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
B. रामु को अपने भतीजे को गाँव के आसपास के अच्छे प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता करनी चाहिए।
C. रामू को अपने भतीजे को अपने पास रखकर अपने बेटे वाले अंतरराष्ट्रीय स्कूल में पढ़ाना चाहिए।
D. रामू को भतीजे की पढ़ाई से कोई सरोकार नहीं रखना चाहिए।

**प्रश्न 13: आप और आपकी पत्नी दोनों घर से दूर नौकरी करते हैं। आपके माता-पिता बूढ़े हैं और गाँव में रहते हैं। लेकिन आप उन्हे अपने पास रखना चाहते हें, परन्तु आपकी पत्नी इसके लिए तैयार नही हें, तब आप क्या करेंगे ?**

A. ऐसी परिस्थिति में आप अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में रखेंगे।
B. आप अपनी पत्नी को समझा कर अपने माता-पिता को अपने साथ रखेंगे।
C. आप अपनी पत्नी की बिना मर्जी के अपने माता-पिता को अपने साथ रखेंगे और पत्नी से कहेंगे कि आपको इस स्थिति में रहना तो रहिए वरना आप जहां भी रहना चाहते हैं वहाँ रह सकते हैं।

**प्रश्न 14: आपके माता-पिता और बड़े भाई ने कृषि कार्य व मजदूरी करके आपको पढ़ाया। अंततः आप एक मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर बन गए। आपके अधिकांश सहकर्मी अपनी कारों से ऑफिस आते हैं। आपकी प्राथमिकता क्या होगी ?**

A. आप पहले अपने लिए कार खरीदेंगे।
B. आप परिवार की प्रतिकूल परिस्थिति के समय हेतु अपने वेतन का अधिकांश पैसा सैविंगज़ में लगाएंगे।
C. आप अपने वेतन का अधिकांश पैसा परिवार को देंगे।

**प्रश्न 15: मान लीजिए प्रकाश और सुनीता एक-दूसरे से पढ़ाई के समय से प्यार करते हैं। पढ़ाई पूरी होने के बाद उन दोनो की नौकरी लग जाती है, लेकिन प्रकाश का परिवार सुनीता को अपनी बहू स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, जबकि सुनीता के परिवार को इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं है। तब प्रकाश को क्या करना चाहिए ?**

A. प्रकाश को सुनीता से चुप-चाप कोर्ट में शादी कर लेनी चाहिए।
B. प्रकाश को अपने परिवार को समझाने की कोशिश करनी चाहिए अन्यथा प्रकाश को जीवन भर अविवाहित रहना चाहिए।
C. प्रकाश को उस लड़की को छोड़कर परिवार की मर्जी से शादी कर लेनी चाहिए।
D. प्रकाश को अपने परिवार को समझाने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा कोर्ट में शादी कर लेनी चाहिए।

**प्रश्न 16: मान लीजिए आप एक कार्यक्रम में शामिल हुए हैं जिसके अंत में आपको अल्पाहार का पैकेट मिला हे तब आप क्या करेंगे ?**

A. आप पूरा पैकेट मिलने के बाद तुरंत खा लेंगे।
B. आप थोड़ा खाकर बाकी घर ले जाएंगे।
C. आप पैकेट घर ले जाएंगे और अपने परिवार के साथ बांटकर खाएंगे।

**प्रश्न 17: अगर आपने अपना घर बनाने का सोचा है और सौभाग्य से आपको कम कीमत पर ज़मीन मिल रही है, लेकिन उसी समय आपके पिता आपसे आपकी बहन की शादी के लिए पैसे मांगते हैं। तब आप क्या करेंगे ?**

A. आप बिना सोचे ज़मीन खरीद लेंगे और अपने पिता से कहेंगे कि वे अन्य स्रोतों से पैसों का इंतजाम करें।
B. आप अपनी बचत का पैसा ज़मीन खरीदे बिना अपने पिता को भेज देंगे।
C. आप अपनी बचत का कुछ पैसा देकर पिता से कहेंगे कि शेष राशि का इंतजाम वह खुद करें।

**प्रश्न 18: मान लीजिए आप अपने माता-पिता के साथ एक पार्टी में गए हैं, इसी बीच एक घटना के कारण आपके पिता ने आपको बिना गलती के डांट दिया।**
A. आप बिना किसी प्रतिक्रिया के चुप रहेंगे।
B. आपकी कोई गलती नहीं है यह साबित करने के लिए आप तुरंत प्रतिक्रिया देंगे।
C. आप उस समय चुप रहेंगे और घर पहुंच कर अपनी गलती न होने का तर्क देंगे।

**प्रश्न 19:मान लीजिये आपके एक सबसे अच्छे दोस्त ने आपको एक कीमती उपहार दिया था जिसे आपने अलमारी मैं रखा था, लेकिन दुर्भाग्यवश जब आपकी माँ अलमारी को साफ कर रही थी तब वह टूट जाता हैं, तब आप क्या करेंगे ?**
A. आप गुस्से में आकर अपनी माँ को डांटेंगे ताकि वह यह गलती फिर से न करें।
B. आप बिना किसी प्रतिक्रिया के चुप रहेंगे।
C. आप अपनी मां से विनम्रता से कहेंगे कि भविष्य में वह आपके कमरे में न जाए।
D. आप अपनी कीमती एवं बहुमूल्य वस्तुओं को अलमारी में रख कर बंद कर देंगे।

**प्रश्न 20:मान लीजिए आप एक निम्नवर्गीय परिवार से हैं और आप उच्च शिक्षा हेतु प्रवेश लेना चाहते हैं, इसके लिए आपने अपने पिताजी से पैसे देने को कहा हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश आपके छोटे भाई का एक्सीडेंट हो जाता हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ता है, तब आप क्या करेंगे।**
A. आप अपने पिता से उच्च शिक्षा के लिए पैसे का इंतजाम करने को कहेंगे।
B. आप एजुकेशन लोन लेकर पढ़ाई जारी रखेंगे।
C. आप गत वर्ष प्रवेश लेना स्थगित कर देंगे और अगले वर्ष प्रवेश लेंगे।
D. आप अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण करने का इरादा छोड़ देंगे।

**प्रश्न 21:मान लीजिए आप परिवार में बड़ी संतान हैं, लेकिन आपका छोटा भाई अकादमिक क्षेत्र में आपसे अधिक सफलता प्राप्त कर रहा है। जिसके कारण उसे परिवार की ओर से काफी सराहना मिल रही हैं, तब आप क्या करेंगे।**
A. आप उससे घृणा करने लगेंगे तथा उससे अधिक सफलता प्राप्त करने हेतु प्रतियोगिता करेंगे।
B. आप भाई की सफलता से प्रेरित होकर स्वयं भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करेंगे।
C. आप भाई की सफलता पर जलन महसूस करेंगे और उसकी इस प्रगति में बाधक बनेंगे।

**प्रश्न 22:अगर आपके घर में आपके बड़े भाई/बहन हमेशा आप से किसी न किसी कार्य को करने को कहते रहते हैं, तो आप क्या करेंगे ?**
A. आप हमेशा बिना किसी प्रतिक्रिया के उनकी आज्ञा का पालन करते रहेंगे।
B. आप परिस्थितिनुसार कभी-कभी उनकी आज्ञा का पालन करेंगे।
C. आप उनकी बात को नजरअंदाज करना शुरू कर देंगे।

**प्रश्न 23: आप अपने दोस्तों के साथ वीडियो गेम खेल रहे हैं, उसी समय आपकी माँ आप से आपकी दादीजी के लिए बाजार से दवाई लाने को कहती हैं, तो आप क्या करेंगे ?**
A. आप खेलना बंद करके बाजार जाएंगे।
B. आप अपने बड़े भाई/बहन से दवाई लाने को कहेंगे।
C. आप अपने छोटे भाई/बहन से दवाई लाने को कहेंगे।
D. आप उनकी बात पर ध्यान नहीं देंगे।

**प्रश्न 24: मान लीजिए आप गाँव में रहते हैं और घर के बड़े बेटे हैं। आपकी नौकरी लग गई है, तब आप अपनी नौकरी का पैसा कहां खर्च करने पर प्राथमिकता देंगे ?**
A. आप आस-पास के शहरी क्षेत्र में घर लेकर शिफ्ट हो जाएंगे।
B. आप गाँव में ही रहकर अपनी सेविंग्स के लिए पैसा लगाएंगे।
C. आप गाँव में ही रहकर छोटे भाई-बहनों को पढ़ाएंगे।
D.आप शहर में रहकर अपने परिवार की सभी जिम्मेदारियों को निभाएंगे।

**प्रश्न 25: शीतल बहुत ही गरीब परिवार से है और वह अपने माता-पिता की एकमात्र बेटी है। अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए वह एक कंपनी में ओवरटाइम काम करती है। उसी कंपनी के एक अमीर लड़के ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा है, तब शीतल को क्या करना चाहिए ?**

A. उसे प्रस्ताव को नकार देना चाहिए क्योंकि उसे अपने परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करना है।

B. उसे अपने माता-पिता को बिना बताए तुरंत शादी कर लेनी चाहिए जिससे कि उसे कठिन काम से राहत मिल सके।

C. उसे शादी के प्रस्ताव को अपने माता-पिता के सामने रखना चाहिए अगर वे सहमत है तो शादी कर लेनी चाहिए।

D. उसको यह बताकर शादी कर लेनी चाहिए कि जब तक उसके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हो जाती तब तक वह आपने घर की आर्थिक सहायता करती रहेगी।

**प्रश्न 26: मान लीजिए अजय और आरुषी एक-दूसरे से प्यार करते हैं, लेकिन जब वे अपने माता-पिता से आपस में शादी करने की बात करते हैं, तब अजय का परिवार शादी के लिए सहमत हो जाता है, लेकिन आरुषी का परिवार मना कर देता है। तब आरुषी को क्या करना चाहिए ?**

A. आरुषी को अपने परिवार से भागकर कोर्ट में शादी कर लेनी चाहिए।

B. आरुषी द्वारा अजय को छोड़कर अपने परिवार की पसंद से शादी करनी चाहिए।

C. आरुषी द्वारा अजय को छोड़कर भबिष्य में किसी से भी शादी नहीं करनी चाहिए।

D. आरुषी द्वारा अपने परिवार को आत्महत्या की धमकी देकर शादी करने के लिए राजी कर लेना चाहिए।

**प्रश्न 27:मान लीजिए आपकी नौकरी लग जाती है। आप और आपकी पत्नी अपके परिवार के सभी सदस्यों के लिए कपड़े खरीदने जाते हैं ताकि परिवार को नौकरी की पार्टी दी जा सके। तब आप क्या करेंगे ?**

A. आप खुद और अपनी पत्नी के लिए महंगे कपड़े खरीदेंगे और परिवार के लोगों के लिए साधारण कपड़े खरीदेंगे।

B. आप खुद, अपनी पत्नी और अपने माता-पिता के लिए महंगे कपड़े खरीदेंगे।

C. आप अपने माता-पिता, पत्नी और परिवार के सभी सदस्यों के लिए महंगे कपड़े खरीदेंगे।

D. आप सभी के लिए समान कीमत के कपड़े खरीदेंगे।

**प्रश्न 28: अगर आप तीन भाई हैं और सभी सम्मानजनक नौकरियां कर रहे हैं। आपके माता-पिता को उनकी वृद्धावस्था में देखभाल की जरूरत है जो कि गाँव में रहते हैं, तो आप क्या करेंगे ?**

A. आप उनकी देखभाल के लिए गाँव में किसी व्यक्ति को रखेंगे।

B. आप अपने भाइयों के बीच उनकी देखभाल हेतु समय बांटेंगे।

C. आप इस कार्य हेतु अपने भाइयों की जिम्मेदारी के बारे में बिना सोचे-समझे अपने माता-पिता को अपने पास रखेंगे।

D. आप सभी भाई नौकरी में व्यस्त हैं इसलिये उन्हें आप वृद्धाश्रम में रखेंगे।

**प्रश्न 29: मान लीजिए आपके परिवार में एक कार्यक्रम है जिसकी वजह से रात के 11 बज गये हैं और आपको चाय या कॉफी पीने का मन कर रहा है, तब आप क्या करेंगे ?**

A. आप अपनी मां से कहेंगे कि वह चाय या कॉफी बनाकर लाएँ।

B. आप अपनी बहन से कहेंगे कि वह चाय या कॉफी बनाकर लाएँ।

C. आप अपनी पत्नी से कहेंगे कि वह चाय या कॉफी बनाकर लाएँ।

D. आप चाय या कॉफी खुद बनाएंगे।

**प्रश्न 30:मान लीजिए गलती से आपकी पत्नी से कपड़े इस्त्री करते समय एक साड़ी जल गई, जिसके कारण आपकी मां और बड़ी बहन ने उसे डांटा। तब आप क्या करेंगे ?**

A. आप अपनी पत्नी को अपनी माँ और बहन के साथ मिलकर डांटेंगे।

B. आप अपनी पत्नी को अकेले में डांटेंगे ताकि वह भविष्य में ऐसी गलती न करें।

C. आप अपनी माँ और बड़ी बहन को समझायेंगे और पत्नी को भविष्य में ऐसी गलती न करने को कहेंगे।

D. आप अपनी माँ और बहन दोनों को डांटेंगे और पत्नी से कुछ नहीं कहेंगे।